28.1.2008 को संपन्न स्पाइसेस बोर्ड की 62 वीं बैठक का कार्यवृत्त

स्पाइसेस बोर्ड की 62 वीं बैठक गोवा में 28 जनवरी 2008 को सुबह 11.00 बजे संपन्न हुई ।

श्री. वी.जे.कुरियन, भा.प्र.से, अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड ने बैठक की अध्यक्षता की । निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :

1. श्री. साजन कुरियन	उपाध्यक्ष
2. श्री.टी.अशोक कुमार	सदस्य
3. श्री.बलकरन पटेल	"
4. श्री. के.वी.पीटर	"
5. श्री.एच. विश्वनाथ	"
6. श्री. जोर्ज जोसफ, भा.प्र.से.	"
7. श्री. वी.डी. आलम्	"
8. डॉ. वी.ए.पार्थसारथी	"
9. श्री. राजीव धर	"

निम्नलिखित को अनुपस्थिति छुट्टी प्रदान की गई :-

1. डॉ. वी.प्रकाश
2. श्री.के. जयकुमार
3. डॉ. जी.एस.जी.अय्यंगार
4. डॉ. एम.एल.चौधरी
5. श्री. राज सिंह
6. डॉ. रेणु एस. परमार
7. श्री. के.एन. हज़ारिका, विशेष रूप से आमंत्रित
8. श्री. तिरुच्ची शिवा, सांसद(राज्यसभा)(आने में देरी)

अनुपस्थित

1. श्री. अनंत कुमार हेगडे सांसद(लोकसभा)
2. श्रीमती दग्गुबती पुरन्देश्वरी, सांसद [मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता)]
3. श्री. एन.जहाँगीर
4. श्री. विश्वनाथ ओक्टे
5. श्री. डी.एम.कतिर आनंद
6. श्री. जे.वी. नारायणस्वामी
7. श्री. एन.वी. श्रीरामा रेड्डी

बोर्ड के निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :-

1. श्री. वी.के.के.नायर, सचिव
2. श्री. एस. कण्णन, निदेशक (विपणन)
3. डॉ. चार्ल्स.जे. कित्तु, निदेशक (वित्त)
4. डॉ. जे. थॉमस, निदेशक (अनुसंधान)
5. श्री.आर. चन्द्रशेखर, निदेशक (विकास)

सबसे पहले अध्यक्ष महोदय ने गोवा, जो विश्व मसाला कॉंग्रेस, 2008 का स्थान है, में होनेवाली बोर्ड- बैठक में सभी सदस्यों का, खासकर नए सदस्य श्री. विश्वनाथ का स्वागत किया ।

उसके बाद कार्यसूची मदों पर विचार किए गए ।

मद सं. 1 : 19-11-2007 को आयोजित बो बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण

पुष्टि की गई ।

मद सं .2 : 19-11-2007 को आयोजित बोर्ड बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई

नोट की गई ।

मद सं. 3 : एच डी पी ई तिरपाल शीटों की सप्लाई

नोट की गई ।

श्री. राजीव धर ने एच डी पी ई तिरपाल शीटों की पर्याप्त गुणवत्ता सुनिश्चित करने केलिए उचित विनिर्देश तैयार करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया । इस सिलसिले में, आई आई पी से एच डी पी ई तिरपाल शीटों केलिए उचित विनिर्देशों तथा मसालों के स्वास्थ्यकर शुष्कन हेतु मसाला उत्पादकों के बीच वितरण केलिए कोई अन्य विकल्प, अगर है, तो उसका सुझाव देने का अनुरोध किया ।

मद सं. 4: बोर्ड की बागान कल्याण योजना-शैक्षिक एवं चिकित्सा-संस्थाओं को सहायता-अनुदान देने केलिए बजट में वृद्धि

अनुमोदन किया गया ।

मद सं. 5: बोडिनायकन्नूर और वण्डनमेट्टु में इलायची(छोटी) केलिए ई-नीलाम प्रणाली

नोट की गई ।

इस नीलाम प्रणाली से परिचित सदस्यों ने अपनी राय व्यक्त की कि ई-नीलाम प्रणाली जो पेश की गई है वह एकदम अच्छी पहल है और उद्योग के विभिन्न पणधारीगण बोडिनायकन्नूर और वण्डनमेट्टु में पेश की गई ई-नीलाम प्रणाली के परिणाम से संतुष्ट हैं ।

बोली लगानेवाले की अनामता बनाए रखने केलिए नीलाम पूरा होने के बाद ही उच्चतम बोली लगानेवाले को नमूना प्रदान करने का सुझाव रखा गया और उसकी मंजूरी भी हो गई । उचित अवधि के बाद इस नई प्रणाली का प्रभाव आँकने हेतु सामाजिक-आर्थिक अध्ययन चलाने का एक अन्य सुझाव भी रखा गया । सदस्यों का विचार था कि नीलामकर्त्ताओं को अपने-अपने परिसर में ई-नीलाम प्रणाली की स्थापना करने की अनुमति देने के बदले केन्द्रीकृत नीलाम प्रणाली जारी रखी जानी चाहिए । ई-नीलाम प्रणाली चलाने के प्रत्यावर्ती खर्च पर विचार करने और इसके संचालन की लागत वहन करने हेतु प्रत्येक नीलामकर्त्ता से प्रयोक्ता-शुल्क वसूल करने की सिफारिश करने केलिए निदेशक(विपणन) और निदेशक(वित्त) सहित एक समिति का गठन करने का निर्णय भी लिया गया ।

मद सं . 6 : संयुक्त राज्य अमरीका से उच्चाधिकारवाले शिष्टमण्डल का दौरा

नोट किया ~~गया ।~~

सदस्यों ने सचिव, ~~स्वास्थ्य एवं मानव सेवा और एफ डी ए आयुक्त, यू एस ए के~~ दौरे की तथा भारतीय मसाले निर्यातकों के साथ उनकी मुलाकात की व्यवस्था करने के तहत बोर्ड की सराहना की ।

मद सं. 7 : अप्रैल-दिसंबर, 2006 की तुलना में अप्रैल-दिसंबर, 2007 के दौरान मसालों का निर्यात निष्पादन

नोट किया गया ।

सदस्यों ने अप्रैल-दिसंबर, 2007 की अवधि के दौरान के निर्यात-निष्पादन की तारीफ की । रुपए की मूल्यवृद्धि के बावजूद मसाले निर्यात में हुई वृद्धि के कारणों पर एक अध्ययन चलाने का सुझाव रखा गया, ताकि यह निश्चित हो जाए कि क्या भारतीय मसालों के गुणवत्ता संवर्धन के कारण ऐसा हुआ है ?

मद सं. 8 . वर्ष 2005-06 और 2006-07 केलिए मसाला-निर्यात में उत्कृष्टता हेतु ट्रोफियाँ व पुरस्कार

वर्ष 2005-06 और 2006-07 केलिए पुरस्कार उप समिति द्वारा संस्तुत ट्रोफियों व पुरस्कारों के विजेताओं का अनुमोदन बोर्ड द्वारा किया गया । नए उत्पाद केलिए पुरस्कार के बारे में केवल विदेश में पेश किए गए और विपणन किए गए उच्च-मूल्यवाले उत्पादों पर विचार करने का प्रस्ताव किया गया ।

सामान्य

अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों से 28-30 जनवरी 2008 के दौरान ताज एक्सोटिका, गोवा में आयोजित होनेवाली विश्व मसाला कॉंग्रेस में भाग लेने का अनुरोध किया ।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए दोपहर 1.00 बजे बैठक समाप्त हुई ।

....